	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	कार्तिक 18, मंगलवार, शाके 1943-नवम्बर 09, 2021 *Kartika 18, Tuesday , Saka 1943- November 09, 2021*	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, नवम्बर 08, 2021

संख्या एफ.139(80)भ.नि./झुंझुनूं/विधि/पंरा/2020/921:- ग्राम पंचायत डालमियां की ढाणी के राजस्व ग्राम डालमियां की ढाणी में पंचायत कार्यालय भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या-13) की धारा-98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा- 9(3) में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टर, झुंझुनूं को ग्राम पंचायत डालमियां की ढाणी (पंचायत समिति, सूरजगढ) के पंचायत कार्यालय का स्थान परिवर्तित करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण कर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात् अपनी अभिशंषा के साथ प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

जिला कलेक्टर, झुंझुनूं द्वारा उपरोक्तानुसार कार्यवाही के पश्चात् प्राप्त अनुशंषा के अनुसार ग्राम पंचायत डालमियां की ढाणी के कार्यालय भवन निर्माण हेतु मुख्यालय के अन्यत्र राजस्व ग्राम चौहानों की ढाणी में पंचायत कार्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

आज्ञा से,
पी0सी0 किशन,
शासन सचिव।

5460

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।